दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 09-02-2026

**शिक्षा** • कागज़ की काशी की विरासत से रूबरू हुए शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राएं

# नेपानगर लिमिटेड में विद्यार्थियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी, शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीरपुरा के छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय, तकनीकी, उत्पादन संबंधी विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



विद्यार्थियों ने मिल का विजिट किया।

प्रशासकीय भवन में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों को बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात एक ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई है, जो वर्षों से न केवल स्थानीय क्षेत्रवासियों बल्कि इतिहास, अभियांत्रिकी और अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। यहां विद्यार्थियों के साथ ही इंजीनियरिंग व पल्प और पेपर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी और शोधकर्ता व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने आते हैं। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा क्षेत्र में अनेक कौशल विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेपा लिमिटेड बुरहानपुर जिले की एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई है, जहां वर्षभर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलीटेक्निक, अभियांत्रिकी की विभिन्न शाखाओं के प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मिल में औद्योगिक भ्रमण के दौरान आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी और संगणक प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। कारखाना परिसर में सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार व अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का परिचय देते हुए आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के उपाय समझाए। डी इंकिंग संयंत्र में विभागाध्यक्ष देवेंद्र महोबे ने कच्चे माल से कागज के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। वहीं पेपर मशीन विभाग के प्रबंधक कुमार देशमुख और उपप्रबंधक विजय भामरे ने कागज निर्माण की पूरी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। विद्यार्थियों ने कागज के जीएसएम की परिभाषा और उसके महत्व को भी पहली बार व्यावहारिक रूप से जाना। इस दौरान नेपा लिमिटेड की ओर से ईशान व्यास, संदीप कुमार माले, विनय बाथव, छगन सोनी, गिरीश वर्मा, खेमसिंह राठौर, भारती काजवे, जालमसिंह सोलंकी, गोपाल महाजन, महेश जैमसे, आरती शुक्ला, मोहम्मद जिया, गुलाम खान, अलीशा बख्श मौजूद थे।

# नेपा लिमिटेड में शालेय विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण,कागज की काशी की विरासत से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं




**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी एवं शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीरपुरा के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय,तकनीकी एवं उत्पादन संबंधी विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।प्रशासकीय भवन में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात एक ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई है,जो वर्षों से न केवल स्थानीय क्षेत्रवासियों बल्कि इतिहास,अभियांत्रिकी और अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। यहां शालेय विद्यार्थियों के साथ ही इंजीनियरिंग तथा पल्प और पेपर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी और शोधकर्ता व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा क्षेत्र में अनेक कौशल विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेपा लिमिटेड बुरहानपुर जिले की एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई है,जहां वर्षभर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों,पॉलिटेक्निक एवं अभियांत्रिकी की।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया नेपा मिल का भ्रमण



**मोहम्मद हुसैन खोखर**

बुरहानपुर :- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी एवं शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीरपुरा के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय, तकनीकी एवं उत्पादन संबंधी विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।प्रशासकीय भवन में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात एक ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई है, जो वर्षों से न केवल स्थानीय क्षेत्रवासियों बल्कि इतिहास, अभियांत्रिकी और अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। यहां शालेय विद्यार्थियों के साथ ही इंजीनियरिंग तथा पल्प और पेपर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी और शोधकर्ता व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा क्षेत्र में अनेक कौशल विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत नेपा लिमिटेड बुरहानपुर जिले की एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई है, जहां वर्षभर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक एवं अभियांत्रिकी की विभिन्न शाखाओं के प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मिल में औद्योगिक भ्रमण के दौरान आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने छात्र छात्राओं को सूचना प्रौद्योगिकी और संगणक प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। कारखाना परिसर में सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार एवं अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का परिचय देते हुए आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के उपाय समझाए।डी इंकिंग संयंत्र में विभागाध्यक्ष देवेंद्र महोबे ने कच्चे माल से कागज के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। वहीं पेपर मशीन विभाग के प्रबंधक कुमार देशमुख और उप प्रबंधक विजय भामरे ने कागज निर्माण की पूरी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। विद्यार्थियों ने कागज के जीएसएम की परिभाषा और उसके महत्व को भी पहली बार व्यावहारिक रूप से जाना।इस अवसर पर नेपा लिमिटेड की ओर से ईशान व्यास, संदीप कुमार माले, विनय बाथव, छगन सोनी, गिरीश वर्मा, खेमसिंह राठौर तो वहीं शालाओं की ओर से उच्चतर माध्यमिक शिक्षक भारती काजवे, जालमसिंह सोलंकी, गोपाल महाजन, महेश जैमसे, आरती शुक्ला, मोहम्मद जिया, गुलाम खान एवं अलीशा बख्श मौजूद रहे।औद्योगिक भ्रमण से उत्साहित विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड की कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता और ऐतिहासिक महत्व को करीब से समझने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# नेपा लिमिटेड में कागज की काशी की विरासत से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं

## तकनीक, सुरक्षा और इतिहास का मिला व्यावहारिक संगम



नेपानगर। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी एवं शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीपुरा के छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर जिले की गौरवशाली औद्योगिक विरासत को नजदीक से देखा और समझा। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड की प्रशासकीय, तकनीकी एवं उत्पादन प्रक्रिया से जुड़ी बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से जाना, जिससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

**प्रशासकीय भवन से उत्पादन इकाई तक मिला ज्ञान-** प्रशासकीय भवन में जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नेपा लिमिटेड के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात है और वर्षों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं तकनीकी संस्थानों के लिए अध्ययन एवं अनुसंधान का केंद्र रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की दिशा में संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि नेपा लिमिटेड बुरहानपुर जिले की एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई है, जहां वर्षभर आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

**आईटी से लेकर अग्नि सुरक्षा तक मिला व्यावहारिक अनुभव-** औद्योगिक भ्रमण के दौरान आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संगणक प्रणालियों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। वहीं कारखाना परिसर में सुरक्षा विभागाध्यक्ष संजय पवार एवं अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का परिचय देते हुए आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के उपाय समझाए।

**डी-इंकिंग संयंत्र में देखा कागज का पुनर्जन्म-** डी-इंकिंग संयंत्र में विभागाध्यक्ष देवेंद्र महोबे ने कच्चे माल से कागज के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। इसके पश्चात पेपर मशीन विभाग के प्रबंधक कुमार देशमुख एवं उप-प्रबंधक विजय भामरे ने कागज निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पहली बार कागज के जीएसएम की परिभाषा और उसके व्यावहारिक महत्व को प्रत्यक्ष रूप से जाना।

### शिक्षक एवं अधिकारी रहे उपस्थित

औद्योगिक भ्रमण से उत्साहित विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड की कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता और ऐतिहासिक महत्व को करीब से समझने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस भ्रमण से उन्हें भविष्य में तकनीकी एवं औद्योगिक क्षेत्रों को समझने की नई दिशा मिली है।इस अवसर पर नेपा लिमिटेड की ओर से ईशान व्यास, संदीप कुमार माले, विनय बाथव, छगन सोनी, गिरीश वर्मा, खेमसिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं शालाओं की ओर से उच्चतर माध्यमिक शिक्षक भारती काजवे, जालमसिंह सोलंकी, गोपाल महाजन, महेश जैमसे, आरती शुक्ला, मोहम्मद जिया, गुलाम खान एवं अलीशा बख्श मौजूद रहे।

---

**नेपा लिमिटेड में शालेय विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण, कागज की काशी की विरासत से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं**

# नेपा कागज मिल विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी, शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीपुरा के छात्र-छात्राओं ने, औद्योगिक भ्रमण किया। औद्योगिक विरासत को नजदीक से जाना। इस भ्रमण के दौरान. विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय, तकनीकी, उत्पादन संबंधी विविध पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

प्रशासकीय भवन में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों को बताया कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहाद्वीप में कागज की काशी के नाम से प्रसिद्ध औद्योगिक इकाई है, जो वर्षों से न केवल स्थानीय क्षेत्रवासियों बल्कि इतिहास, अभियांत्रिकी और अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। यहां शालेय विद्यार्थियों के साथ ही इंजीनियरिंग व तकनीकी विद्यार्थी और शोधकर्ता व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा क्षेत्र में अनेक कौशल विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



नेपा मिल के बारे में विद्यार्थियों ने जाना।

मिल में औद्योगिक भ्रमण के दौरान आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं से सूचना प्रौद्योगिकी और संगणक प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। कारखाना परिसर में सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार व अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल ने आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के उपाय समझाए।

डी इंकिंग संयंत्र में विभागाध्यक्ष देवेंद्र महोबे ने कच्चे माल से कागज के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। वहीं पेपर मशीन विभाग के प्रबंधक कुमार देशमुख और उप प्रबंधक विजय भामरे ने कागज निर्माण की पूरी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। विद्यार्थियों ने कागज के जीएसएम की परिभाषा और उसके महत्व को भी पहली बार व्यावहारिक रूप से जाना।

इस अवसर पर नेपा लिमिटेड की ओर से ईशान व्यास, संदीप कुमार माले, विनय बाथव, छगन सोनी, गिरीश वर्मा, खेमसिंह राठौर तो वहीं उच्चतर माध्यमिक स्कूल शिक्षक भारती काजवे, जालमसिंह सोलंकी, गोपाल महाजन, महेश जैमसे, आरती शुक्ला, मोहम्मद जिया, गुलाम खान, अलीशा बख्श मौजूद रहे।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण
09 Feb 2026 | Page - 11

### नेपा लिमिटेड में शालेय विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

# 'कागज की काशी' की औद्योगिक विरासत से रूबरू हुए छात्र-छात्राएं

स्वदेश समाचार ■ नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित एशिया की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी और शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरीरपुरा के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने मिल की प्रशासकीय, तकनीकी और उत्पादन प्रक्रिया को नजदीक से समझा।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने नेपा लिमिटेड को भारतीय उपमहाद्वीप में 'कागज की काशी' बताते हुए इसके ऐतिहासिक और शैक्षणिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां शालेय, तकनीकी और शोधार्थी विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिलता है। भ्रमण के दौरान आईटी विभाग, सुरक्षा व अग्निशमन इकाई, डी-इंकिंग संयंत्र और पेपर मशीन विभाग का अवलोकन कराया गया।



विद्यार्थियों को कागज के पुनर्चक्रण, निर्माण प्रक्रिया और जीएसएम के महत्व की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर नेपा लिमिटेड की ओर से ईशान व्यास, संदीप कुमार माले, विनय बाथव, छगन सोनी, गिरीश वर्मा, खेमसिंह राठौर तो वहीं शालाओं की ओर से उच्चतर माध्यमिक शिक्षक भारती काजवे, जालमसिंह सोलंकी, गोपाल महाजन, महेश जैमसे, आरती शुक्ला, मोहम्मद जिया, गुलाम खान एवं अलीशा बख्श मौजूद रहे। औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों ने नेपा लिमिटेड की कार्यप्रणाली और औद्योगिक विरासत को समझने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।